प्रेस नोट- थाना तिलहर

जनपद शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य दिनाँक –20.10.2026

थाना तिलहर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक थाना तिलहर के नेतृत्व में थाना तिलहर पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई।

संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 23.09.2026 को वादी द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री को अभियुक्तगण द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसके आधार पर थाना तिलहर पर मु0अ0सं0 507/26 धारा 137(2) बीएनएस बनाम 1.अमित उर्फ अंकित पुत्र अर्जुन, 2.पंकज पुत्र अर्जुन, 3.अर्जुन पुत्र नामालूम, निवासीगण ग्राम सहवेगपुर, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर तथा 4.राजेश पुत्र बाबूराम, निवासी जनपद बरेली के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान पीड़िता के बयान, मेडिकल परीक्षण एवं अन्य संकलित साक्ष्यों के आधार पर अभियोग में धारा 65(1), 87, 127(3), 351(3), 304(2) बीएनएस एवं धारा 3/4(2) पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की गई तथा धारा 137(2) बीएनएस को धारा 138 बीएनएस में परिवर्तित किया गया। इसी क्रम में थाना तिलहर पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त अमित उर्फ अंकित पुत्र अर्जुन, निवासी ग्राम सहवेगपुर, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर को मुखबिर खास से प्राप्त सूचना के आधार पर दिनांक 20.10.2026 को वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के पास से आवश्यक बल प्रयोग करते हुए नियमानुसार समय 11:10 बजे पुलिस हिरासत में लिया गया। अभियोग में नामजद शेष अभियुक्तों के विरुद्ध विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

अमित उर्फ अंकित पुत्र अर्जुन निवासी ग्राम सहवेगपुर थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर उम्र 23 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान,दिनांक व समय-

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के पास से , दिनांक 20.10.26 को समय 11:10 बजे।

पंजीकृत अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0-507/26 धारा 65(1),87,138,127(3),351(3),304(2) बीएनएस व ¾(2) पॉक्सो एक्ट थाना तिलहर शाहजहाँपुर।

अभियुक्त को गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री प्रभाष चन्द्र थाना तिलहर , शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 सौरभ शुक्ला थाना तिलहर , शाहजहाँपुर
3. का0 अंकित कुमार थाना तिलहर , शाहजहाँपुर
4. कां0 अतुल कुमार थाना तिलहर , शाहजहाँपुर